इंडियन एक्सप्रेस समूह

जनसत्ता

कोलकाता रविवार 22 जनवरी 2012 14 पेज रु. 4.00 कोलकाता, दिल्ली, चंडीगढ़ और लखनऊ से प्रकाशित (डाक सोमवार 23 जनवरी

प्रियंवदा बिड़ला आई हास्पीटल में नई लैसिक मशीन का अनावरण

P:8

जनसत्ता संवाददाता

कोलकाता, 21 जनवरी। महानगर कोलकाता के लाउडन स्ट्रीट स्थित प्रियंवदा बिड़ला अरविंद आई हास्पीटल में शनिवार को नई व अत्याधुनिक लैसिक मशीन का अनावरण हुआ। इसका अनावरण करते हुए एमबी बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन एचवी लोढ़ा ने पत्रकारों को बताया कि 18 से 35 साल के आयुवर्ग के जिन युवकों की आंख की रोशनी धीमी पड़ जाती है, उनके लिए यह लैसिक मशीन बेहद उपयोगी है। इस मशीन के अनावरण मौके पर आंखों के कई मशहूर डाक्टर भी मौजूद थे। लोढ़ा ने बताया कि पूर्वी भारत में यह पहली मशीन है। इसकी कीमत 3.5 करोड़ है और यह जर्मनी से मंगाई गई है।

डा. दीपांजन पाल ने बताया कि जिन मरीजों की आंखों में मायोपिया बीमारी हो जाती है या फिर जिनकी रोशनी –10 या –12 होती है उनके लिए लैसिक मशीन बेहद उपयोगी है। इसके इस्तेमाल से आंख की रोशनी ठीक हो जाती है। इलाज पर 15 हजार रुपए का खर्च आएगा।